आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 24.02.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से किसानों को दी बड़ी सौगात, ''पीएम किसान सम्मान निधि'' योजना की 19वीं किस्त जारी की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रधानमंत्री के हर्षिल–मुखवा क्षेत्र में आगमन से उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को पंख लगेंगे।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य पुरस्कार वितरित किए।
- पिथौरागढ़ और पौड़ी में उत्तराखंड पुलिस आरक्षी पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू।

प्रधानमंत्री किस्त जारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी की। योजना के नौ करोड़ 80 लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे लगभग 22 हजार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में 'पीएम धन–धान्य योजना' की घोषणा की गई है। इसके तहत देश के ऐसे 100 जिलों की पहचान की जाएगी, जहां फसल उत्पादन सबसे कम है।

वहीं, देहरादून में मालदेवता के सरखेत गांव में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के 8 लाख 21 हजार किसानों को 181 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री गणेष जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है और पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री मुखवा निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तरकाशी जिले के हर्षिल–मुखवा में आने से उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा और यह दौरा राज्य की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए हर्षिल–मुखवा क्षेत्र के साथ ही समूचा उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। श्री धामी ने आज शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हर्षिल–मुखवा क्षेत्र का भ्रमण कर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस क्षेत्र में आगमन से शीतकालीन यात्रा को पंख लगेंगे और पूरे विश्व में इस यात्रा का प्रचार–प्रसार होगा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर हर्षिल से मुखवा तक की गई तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य पुरस्कार वितरित किए। प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड की ओर से राजभवन में आयोजित राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण समारोह में कुल 194 प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर उप राष्ट्रपति अवार्ड मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ऐसा संगठन है, जो समर्पण और सेवा की भावना से कार्य कर रहा है। उन्होंने स्काउट्स एवं

गाइड्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान, और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

पुलिस भर्ती

पिथौरागढ़ पुलिस लाइन में आज से उत्तराखंड पुलिस आरक्षी पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें प्रत्येक दिन 500 अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा। पिथौरागढ़ की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि पहले दिन 350 अभ्यर्थी आरक्षी पद के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच के बाद उनकी शारीरिक नापजोख की गई, जिसके बाद उन्होंने विभिन्न शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया।

उधर, पौड़ी में पुलिस भर्ती के लिए कुल 3 हजार 707 अभ्यर्थियों का दक्षता परीक्षण किया जाएगा। आज पहले दिन 370 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा देने पहुंचे।

सौर ऊर्जा

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बागेश्वर जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उरेडा के परियोजना अधिकारी मयंक नौटियाल ने बताया कि इन योजनाओं के तहत सोलर पैनल लगवाने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा के प्रति लोगों में पहले की अपेक्षा अब ज्यादा रुझान दिखाई दे रहा है।

लाभार्थी ऋषभ बिष्ट ने बताया कि इस योजना से उनका बिजली का बिल कम हुआ है।

पिथौरागढ़ स्थापना दिवस

पिथौरागढ़ जिले का 65वां स्थापना दिवस आज धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जिला मुख्यालय स्थित लंदन फोर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों के साथ ही गणमान्य लोगों ने जिले की 65 वर्ष की यात्रा पर अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान आयोजकों ने बताया कि 65 वर्षों के दौरान जिले ने काफी विकास किया है और यहां के लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में जिले का नाम, देश और दुनिया में रोशन किया है।